यूथ कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं ने किया यातायात थाने का घेराव

मनमाना चालान, व्याप्त रिश्वतखोरी और आमजन के साथ दुर्व्यवहार जैसी अनियमितताओं के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च. यातायात पुलिस की लगातार अनियमिताओं, मनमाना चालान, रिश्वतखोरी और आम जन के साथ दुर्व्यवहार के बढ़ते मामलों ने भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं को आक्रोशित कर दिया. कार्यकर्त्ताओं ने थाने का घेराव व विरोध प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदारों के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की.

इसी कड़ी में ज्ञापन सौंपते हुए यह चेतावनी भी दी गई कि यदि पखवाड़े भर में कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो आगे और व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा. यूथ

कांग्रेस जिलाध्यक्ष वरुण गुजर ने जानकारी देते हुए बताया कि यातयात पुलिस की मनमानी कार्यशैली और गंभीर अनियमितताओं के चलते आमजन को हो रही परेशानी के चलते ध्यान आकर्षित करने के लिए कार्यकर्त्ताओं द्वारा थाने का घेराव किया गया. यूथ कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी रविवार को यातायात थाने पहुंच गए और सड़क किनारे बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्त्ताओं का कहना था कि एक ओर जहां पुलिसकर्मियों द्वारा स्वयं ही बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट के और कभी-कभी रांग साइड से वाहन चलाते देखे जाते हैं. लेकिन वहीं दूसरी ओर इन्हीं नियमों का पालन कराने के नाम पर पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन के साथ गाली-गलौच-धमकी और अभद्र व्यवहार किया जाता है. पुलिस कर्मियों का जहां भी मन पड़ा वहीं पर खड़े होकर वाहनों की जांच शुरु कर दी जाती है. जहां पर जांच के नाम पर मनमाना चालान काटने के साथ रिश्वत की मांग शुरु कर दी जाती है. कई मामलों में युवा, वृद्ध, महिलाओं को अनावश्यक रुप से परेशान किया जाता है. पुलिस की इस कार्यशैली की वजह से एक ओर जहां आजन के बीच आक्रोश व्याप्त हो रहा है.

वहीं दूसरी ओर इस तरह की अनियमितताएं सुशासन के दावों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती हैं. कार्यकर्त्ताओं के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए यातायात थाने के सूबेदार पंकज शुक्ला पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए और बातचीत शुरु की. इसी कड़ी में सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने भी कार्यकर्त्ताओं से चर्चा कर समझाइस देने का प्रयास किया. कार्यकर्त्ताओं की मांग पर उप अधीक्षक यातायात संजय खरे मौके पर पहुंच गए और कार्यकर्त्ताओं से चर्चा कर ज्ञापन लिया. इसी कड़ी में डीएसपी ट्रैफिक द्वारा कार्यकर्त्ताओं की उचित मांगों पर विचार व समुचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया. जिसके बाद कार्यकर्त्ताओं ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया.

क्या रही मांगें

भारतीय यूथ कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं द्वारा पुलिस और यातायात कर्मियों पर लग रहे गंभीर आरोपों की तत्काल, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराए जाने की मांग की. इसी कड़ी में दोषी यातायात-पुलिस कर्मियों के विरुद्ध निलंबन-बर्खास्तगी जैसी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की गई. इसके अलावा कार्यशैली में सुधार को लेकर बॉडी कैमरा और केवल ई-चालान को अनिवार्य करने की मांग भी की गई. वहीं यह चेतावनी भी दी गई कि यदि पखवाड़े भर के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो वे और व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे.

शहर जाम से त्रस्त, अमला मस्त...

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं द्वारा लगाए जा रहे गंभीर आरोपों की तस्दीक यातायात पुलिस की कार्यशैली के जरिए भी की जा सकती है. एक ओर जहां शहर में रीवा रोड, सर्किट हाउस चौक, सेमरिया चौक, कोठी मोड़ तिराहा, जयस्तंभ चौक, कोतवाली तिराहा, स्टेशन रोड, भरहुत मोड़, खेरमाई रोड, बाजार क्षेत्र और अस्पताल रोड जैसे महत्वपूर्ण स्थान दिन भर जाम से प्रभावित होते हैं. वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस का समूचा ध्यान शहर के बाहरी कोनों पर ही लगा रहता है. शहर के अंदर जाम की समस्या से राहत दिलाने की बात सामने आते ही अमले की कमी का रोना शुरु हो जाता है. आलम यह है कि शहर के अंदर प्रमुख स्थानों पर आधा दर्जन यातायात कर्मी भी दुर्लभ हो चुके हैं. लेकिन सतना नदी पुल के निकट, राम पथ गमन, सोहावल बाईपास, मैहर बाइपास, बगहा बाइपास, सेमरिया रोड, पन्ना रोड, रीवा रोड सहित कुछ अन्य शहर के बाहरी कोनों पर यातायात अमला अपनी फौज के साथ हमेशा मुस्तैद खड़ा नजर आता है. शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था के बजाए शहर के बाहरी मार्गों पर यातायात पुलिस की विशेष रुचि क्यों बनी रहती है, इसे आमजन के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी भी बेहतर समझते होंगे.



पद्मश्री डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

पुलिस बल ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, पद्मश्री से सम्मानित समाजसेवी एवं प्रख्यात व्यक्तित्व डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को रविवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाया गया, जहां पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गौरतलब है कि डॉ. जैन का निधन 27 फरवरी को चित्रकूट में हुआ था। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, साधु-संत एवं आमजन शामिल हुए। इस अवसर पर चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे, नायब तहसीलदार एस.के. भदौरिया तथा थाना प्रभारी गिरिजा शंकर बाजपेई सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुत्र ड़ॉ .इलेश ने दी मुखाग्नि

धर्म नगरी के सभी साधु संतए आम जनमानस सहित सदगुरु परिवार के लगभग सभी ट्रस्टीगणए गुरु भाई बहनए डॉ जैन के सभी परिवारिक जन एरिश्तेदार सहित सदगुरु परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।उनके दोनों पुत्र जिनेश जैन एवं डॉ इलेश जैन ने उन्हें मुखाग्नि दी।

सर्वाकल कैंसर का टीकाकरण शुरु, जिला चिकित्सालय में लगाई वैक्सीन

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च. सर्वाइकल कैंसर को भारत में महिलाओं के बीच दूसरा सबसे आम कैंसर माना जाता है. जिसे देखते हुए भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरु किया गया है. इसी कड़ी में रविवार को जिला चिकित्सालय में किशोरियों को टीका लगाया गया.

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा 14 वर्ष की लगभग 1.5 करोड़ बालिकों के लिए

नि:शुल्क एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमा वाइरस टीकाकरण अभियान शरुरु किया गया है. गार्डोसिल-4 की एक खुराक सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले एचपीवी वाइरस के विरुद्ध 93-100 प्रतिशत तक असरदार रहती है. इस अभियान के शुरु होने से लेकर 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की आयु पूरी करने वाली बालिकाओं के टीकाकरण के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा. इसी कड़ी में रविवार को जिला चिकित्सालय में बालिकाओं को एचपीवी वैक्सील लगाई गई. वैक्सी लगाए जाने के साथ ही बालिकाओं को इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी सौंपा गया. इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. शुक्ला सहित वरिष्ठ सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. आलोक खन्ना, आरएमओ व अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद दुबे सहित अन्य चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा.

प्रधान आरक्षक को हृदय घात

सतना 1 मार्च. जिले के रामपुर बघेलान थाना अंतर्गत बेला चौकी ममें पदस्थ प्रधान आरक्षक आम नारायण मिश्रा को रविवार को अचानक हृदय घात हो गया.

बताया गया कि प्र.आ. श्री मिश्रा को पहले कुछ बेचैनी महसूस हुई. जिसके कुछ देर बाद ही वे बेसुध होकर नीचे गिर गए. उनकी हालत को देखते हुए वहां पर मौजूद लोगों के होश उड़ गए. आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए रीवा स्थित सुपर स्पेशियालिटी हास्पिटल ले जाया गया. जहां पर उन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा है.

रामपुर में थार की टक्कर से वृद्ध की मौत

- पहली पत्नी के बेटे पर लगे आरोप

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में रविवार को उस वक्त दर्दनाक हादसा सामने आया जब थार की टक्कर से वृद्ध ने दम तोड़ दिया. मृतक की पहली पत्नी के बड़े बेटे पर जीप से टक्कर मारने के गंभीर आरोप भी सामने आए. इस मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज की विवेचना की जा रही है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला कोठार गांव के निवासी गुरु प्रसाद सिंह पिता गयादीन उम्र 62 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई. बताया गया कि गांव में एक तेज रफ्तार थार ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों के बीच सनाका खिंच गया. आनन-फानन में परिजन भी भागते हुए वहां पहुंचे. बुरी तरह घायल वृद्ध को फौरन ही उपचार के लिए संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा ले जाया गया. जहां पर उनकी जांच करने पर चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया. यह जानकारी सामने आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. लेकिन इस मामले में नया मोड़ तब आता नजर आया जब मृतक की पहली पत्नी के बड़े बेटे पर गंभीर आरोप लगने लगे. बताया गया कि वृद्ध की पहली पत्नी के बड़े बेटे द्वारा ही थार वाहन से पिता को टक्कर मारी गई थी. जिसके चलते उनकी मौत हो गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है.

विट्स कॉलेज रोड के सौंदर्यीकरण का महापौर ने किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने अमौधा तालाब बिट्स कॉलेज रोड के सौंदर्यीकरण हेतु सड़क निर्माण कार्य (लागत ?64.79 लाख) का विधिवत भूमिपूजन किया।

यह सड़क क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने एवं पूरे क्षेत्र के समग्र सौंदर्यीकरण की दिशा में एक

महत्वपूर्ण पहल है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस कार्य के पूर्ण होने से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र का विकास नई गति पकड़ेगा ।इस अवसर पर वार्ड क्र.7 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आदित्य यादव, वार्ड क्र.1 की पार्षद श्रीमती मीना माधव , बालकृष्ण शुक्ला , मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा जी एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से सेवानिवृत्ति समारोह

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पदस्थ व्याख्याता प्रदीप त्रिपाठी ने अपनी अर्धवार्षिकी पूर्ण करने के उपरांत गरिमामय वातावरण में सेवा निवृत्ति ग्रहण की।

इस अवसर पर उन्होंने धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन करते हुए रामचरितमानस का अखंडपाठ आयोजित कराया तथा भंडारे के साथ सभी

उपस्थितजनों को प्रसाद ग्रहण कराया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ शिक्षकगण, समाजसेवी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।सभी ने श्री त्रिपाठी के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके समर्पित एवं अनुकरणीय सेवाकाल को स्मरण किया।

एक नजर में

रणमत सिंह जयंती 9 को मनकहरी में

सतना, राष्ट्रीय कार्यक्रम अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर सहीद उत्तराधिकार परिवार समित के तत्वावधान में रवी रुसिया के निवास पर स्वागौंय स्वतंत्रता सेनानी पूर्व जिला न्यायाधीश आर एस रूसिया की प्रतिमां में माल्यार्पण कर राष्ट्रगान किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथ पूर्व महापौर संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पांडेय प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा सम्बोधित किया गया संगठन के जिला महासचिव कृष्णेन्द्र सिंह ने अमर सहीद ठाकुर रणमत सिंह की जयंतीं 9 मार्च को जन्म स्थली मनकहरी में श्रद्धा-सुमन अर्पित करने की अपील की.

एकेएस के डॉ. प्रधान व उपाध्याय का अभिनव संयुक्त कार्य

सतना, खनन और शैल उत्खनन जैसे जटिल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण नवाचार सामने आया है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी. के. प्रधान और ए के एस के इंजीनियरिंग संकाय के सहायक प्राध्यापक शीलेंद्र उपाध्याय ने संयुक्त रूप से ब्लास्टिंग प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की

तकनीक विकसित की है, जिसे यूटिलिटी पेटेंट प्राप्त हुआ है। इस तकनीक में ड्रिल होल के भीतर विस्फोटक कॉलम में ढक्कन लगी परित्यक्त प्लास्टिक बोतल को ‘एयर गैप’ के रूप में रखा जाता है।

भगवान भक्त के प्रेम के भूखे होते हैं, न कि धन के

सतना, अमूल्या वेयरहाउस अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा जिसमे चित्रकूट की पावन भूमि से पधारे प्रात: स्मरणीय परम् पूज्य श्री श्री 1008 श्री स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज सतना की दिव्य भूमि में श्री मदभागवत् की कथा का रसास्वादन कराने के लिए पधारे है जिस कथा का सुंदर संकल्प जय प्रकाश अग्रवाल माया अग्रवाल जीवन लाल अग्रवाल माया अग्रवाल रामचंद्र अग्रवाल अनीता अग्रवाल परिवार ने लिया।

चना-मसूर का पंजीयन 16 मार्च तक

सतना, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी विपणन वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसल का पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक किया जाएगा। पंजीयन की प्रक्रिया ए्उचमनचंतरंदण्दपबण्पद पोर्टल के माध्यम से होगी। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन केंद्रों की भौतिक एवं मानव संसाधन व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण तथा वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सतना एवं मैहर जिले में 79 केन्द्र निर्धारित की गई है। जिसमें सतना जिले के 53 केन्द्र एवं मैहर में 26 पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से चना एवं मसूर उत्पादक किसानों का पंजीयन किया जायेगा।

डॉ .जैन के निधन पर आईएमए ने शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, पद्मश्री डॉ. बी के. जैन के आकस्मिक निधन पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आयुष्मान हॉस्पिटल सतना में किया गया।

सभा में उपस्थित चिकित्सकों ने पद्मश्री डॉ. एन. के. जैन के चिकित्सा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान, समाजसेवा एवं उनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आई एम ए राष्ट्रीय एडिटर डॉ आर के नेमा ने कहा कि डॉ. जैन का जीवन चिकित्सा सेवा, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक दायित्वों का उत्कृष्ट उदाहरण था। उनके निधन से चिकित्सा जगत एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। आई एम ए अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आई एम ए सतना परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ डी के तिवारी, डॉ जी पी सिंह, डॉ चारु लता सोई एवं अन्य सभी डॉक्टर्स ने उनके साथ व्यतीत किए गए अनुभव साझा करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में डॉ डी के तिवारी , डॉ आर के नेमा , डॉ हरकीरण बावा,डॉ रजनीश नेमा , डॉ राजेश जैन , डॉ जी पी सिंह , डॉ संतोष जैन , डॉ डी एन गौतम , डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ राकेश जैन, डॉ हरि अग्रवाल , डॉ हेमन्त पाण्डेय,डॉ चारुलता सोई, डॉ रेखा पांडेय ,डॉ मनोज जगवानी आदि रहे.

जायंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, शहर के अमृत वाटिका, आयुष्मान हॉस्पिटल रोड में जायंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

समारोह में 101 नव-निर्वाचित सदस्यों ने समाज को एकसूत्र में जोड़ने, शहर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा सेवा, सहयोग

और संस्कार की भावना को आगे बढ़ाने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी उपस्थित रहीं। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जायंट्स ग्रुप एक विशाल परिवार के रूप में कार्य कर रहा है, जो सेवा, सत्यता और समर्पण के मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के छोटे से प्रयास से प्रारंभ हुआ यह संगठन आज वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है ।मंच पर मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी के साथ विशिष्ट अतिथि एस.पी. चतुर्वेदी, रविशंकर गौरी, मनोहर डिग्वानी, सतीश सूखेजा, बसंत शर्मा, दीपिका शर्मा, मोना चोपड़ा, विनोद गुप्ता तथा अध्यक्षता कर रहे दीपक सोई उपस्थित रहे।

चित्रकूट नगर परिषद में वित्तीय अनियमितता तीन प्रभारियों को नोटिस

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, नगर परिषद चित्रकूट के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने पर्यटन केंद्र गुप्तगोदावरी के दान पात्र की राशि समय पर बैंक में जमा न करने पर नोटिस दिया गया है.

वित्तीय लापरवाही बरतने के मामले में तीन जिम्मेदार अधिकारियों—राजस्व प्रभारी रामचंद्र मिश्रा, पूर्व प्रभारी अनिल तिवारी और वर्तमान प्रभारी विजय कुमार मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। परिषद की बैठक में यह खुलासा हुआ कि दान पात्र से प्राप्त सार्वजनिक राशि को नियमानुसार बैंक खाते में जमा नहीं किया गया, जो मध्य प्रदेश नगरपालिका नियम 2018 का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रशासन ने सभी संबंधितों को 24 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने के साथ 12त्न ब्याज सहित राशि जमा करने का निर्देश दिया है; संतोषजनक जवाब न मिलने पर गबन की धाराओं के तहत एफआईआर और निलंबन की सख्त चेतावनी दी गई है।

कबीर महोत्सव में गूँजे संत कबीर के विचार और संदेश

समाज की एकजुटता और शिक्षा पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, सतना जिले के ग्राम भटिया मौहार में 'कबीर महोत्सव' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें सामाजिक समरसता के भाव के साथ विभिन्न समाज के समाजबंधुओं ने भाग लिया।

अखिल भारतीय कोली समाज (रजि.) नईदिल्ली शाखा मध्यप्रदेश की सतना शाखा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के उत्थान, शैक्षणिक जागृति और राजनीतिक चेतना पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत संत कबीर दास जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय महासचिव डी.पी. शंखवार रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया ने की। अतिथियों का स्वागत नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजा भैया कोरी और प्रदेश उपाध्यक्ष बी.एल. कोरी द्वारा गर्मजोशी के साथ किया गया। महोत्सव में प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली, अमरदीप कंसोरिया, प्रदेश महामंत्री दिलीप देवरिया, नगर परिषद अध्यक्ष सुखमंतीबाई और जिला पंचायत अध्यक्ष राम खिलावन कोल एवं वरिष्ठ पत्रकार देवीप्रसाद वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

नवभारत न्यूज

सतना 1 मार्च, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना में दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2026 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ।

यह आयोजन प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय के कुशल मार्गदर्शन में विषय पर संपन्न हुआ, जिसमें विज्ञान, नवाचार और छात्र सशक्तिकरण की स्पष्ट झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के द्वितीय

दिवस पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. ए. के. दीक्षित, डॉ. राजेश गर्ग, डॉ. सुषमा श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पुष्पराज सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता श्री अंकित त्रिपाठी (श्री रामकृष्ण कॉलेज, सतना) ने अपने प्रभावशाली व्याख्यान में वैदिक काल की विदुषी महिलाओं से लेकर आधुनिक वैज्ञानिक नेतृत्व तक के प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब स्त्रश्वरू क्षेत्रों में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि मेरिट, इनोवेशन और समावेशन ही किसी राष्ट्र को वैज्ञानिक दृष्टि से सशक्त बनाते हैं।